बरेली, मंगलवार
4 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00

दैनिक जागरण inext
PAGE NO, 02, MIDDLE

# एसआरएमएस के शैक्षिक संस्थानों में मनाया गया वसंत पंचमी पर्व



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (3 Feb):** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के शैक्षिक संस्थानों में सोमवार को वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, एसआरएमएस कालेज आफ लॉ, मेडिकल कालेज और रिद्धिमा स्थिति लाइब्रेरी में विधि विधान से ज्ञान, कला और संस्कृति की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हुई. इस मौके पर विद्यार्थियों ने भजन भी प्रस्तुत किए. प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, पैरामेडिकल कालेज की प्रिंसिपल डॉ. जसप्रीत कौर, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा, डीन यूजी डॉ. बिंदू गर्ग सहित सभी एचओडी और विद्यार्थियों ने पूजन किया. इस मौके पर सभी विभागाध्यक्ष, पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टर्स मेडिकल स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे. सीईटी में प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. आरती गुप्ता, शैलेंद्र देवा, सौरभ गुप्ता, जितेंद्र यादव, सीईटीआर में डॉ. शैलेंद्र सक्सेना आदि ने सरस्वती की आराधना की.